तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय मुज़फ़्फ़रनगर
विद्यालय ई-पत्रिका
सत्र 2019-20

Ph No.- 0131-2620297

E-mail ID – kvmzn5@gmail.com

Website- https//:muzaffarnagar.kvs.ac.in

संपादक मण्डल

मुख्य संरक्षक

श्री चंद्रशेखर आजाद

उपायुक्त,

के.वि.सं. , आगरा संभाग

संरक्षक

श्री ब्रिजेशपाल सिंह

प्राचार्य ,

के.वि. मुज़फ्फरनगर

प्रधान संपादक

श्री ओम प्रकाश

स्नातकोत्तर शिक्षक

संपादक

1. श्री आदेश कुमार , स्नातकोत्तर शिक्षक
2. श्रीमती संतोष कन्नौजिया, प्र.स्ना. शिक्षिका
3. श्रीमती शिखा, प्र.स्ना. शिक्षिका
4. श्रीमती शोभा रानी प्र.स्ना. शिक्षिका
5. श्री दशरथ मीणा प्र.स्ना.शि.
6. श्री आलम टिग्गा प्र.स्ना.शि.

विद्यार्थी संपादक

1. कुमारी श्रेया सैनी , XII A
2. कुमारी मुस्कान मित्तल, XI A
3. कुमारी नैना धीमान , IX A

साज सज्जा एवं कवर

श्री दीपक शर्मा

सेल्वा कुमारी जे. आई. ए. एस.
कलेक्टर / जिला मजिस्ट्रेट
एवं
अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति
केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

संदेश

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य छात्र-छात्राओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास करते हुए समाज का संवेदनशील नागरिक बनाना है। यह तभी संभव हो सकता है, जब उनको व्यक्तिगत एवं सामूहिक क्रियाकलापों में प्रतिभागिता हेतु अवसर दिया जाता है। मुझे बेहद प्रसन्नता है कि केन्द्रीय विद्यालय मुज़फ़्फ़रनगर वार्षिक ई-पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों में सृजन कौशल के विकास हेतु सक्रिय है। विद्यालय का यह प्रयास विद्यार्थियों को रचनात्मकता की ओर ले जायेगा , जहाँ कविता,कहानी,निबंध, यात्रा साहित्य, अनुच्छेद लेखन एवं चित्रकला का सृजन होगा। विद्यालय ई-पत्रिका निश्चित रूप से विद्यार्थियों की अंतर्निहित योग्यताओं का प्रतिबिंब होगी।

मैं विद्यालय के प्राचार्य श्री ब्रिजेश पाल सिंह,सभी शिक्षकों एवं शिक्षार्थियों को विद्यालय ई-पत्रिका के सफल प्रकाशन की शुभकामनाएं देती हूं ।

सेल्वा कुमारी जे. (आई.ए.एस.)
अध्यक्ष / Chairman
विद्यालय प्रबन्ध समिति
Vidyalaya Management Committee
केन्द्रीय विद्यालय/Kendriya Vidyalaya
मुजफ्फरनगर / Muzaffarnagar

संदेश.....

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता है कि केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर द्वारा अपनी वार्षिक ई-पत्रिका 2019-20 का प्रकाशन करवाया जा रहा है।

नवोदित प्रतिभाओं और विद्वान शिक्षकों के भावों एवं विचारों की ज्योति अपने में समेटे विद्यालय की वार्षिक पत्रिका आपके हाथों मं है । किसी भी विद्यालय की पत्रिका उस विद्यालय का दर्पण होती है। उसी से विद्यालय की सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ साहित्यिक रुचि का भी पता चलता है। विद्यालय की पत्रिका इस बात का प्रमाण है कि यहां विद्यार्थी के सर्वांगींण विकास के लिए विद्यालय परिवार प्रतिबद्ध है। वे इस क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं।

पत्रिका के इस अंक के प्रकाशन पर मैं उन सभी अभिभावकों ,छात्रों ,शिक्षक-शिक्षिकाओं ,विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जिन्होंने पत्रिका के लिए अपनी रचनाएं एवं चित्र प्रकाशनार्थ दिए हैं एवं उन्हें प्रोत्साहित किया है, उन सभी के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करता हूँ। पत्रिका के संपादक तथा संपादक मण्डल को हार्दिक बधाई देता हूँ। इस ई-पत्रिका के प्रकाशन से छात्रों में निहित रचनात्मक प्रतिभा उभर कर सामने आ सकेगी तथा इन्ही छात्रों में से भविष्य में कुछ अच्छे पत्रकार, लेखक व कवि रुप में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे यह मेरा सहज विश्वास है।

हिन्दी कवि भवानी प्रसाद मिश्र के शब्दों में-

कुछ लिख के सो, कुछ पढ़ के सो तू ,

जिस जगह जागा सवेरे, उस जगह से बढ़ के सो तू ।

शुभकामनाएं।

(चन्द्रशेखर आजाद)
उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
आगरा संभाग, आगरा

संदेश.....

विद्यालय ई-पत्रिका प्रस्तुत करते हुए मैं अत्यंत प्रसन्नता एवं गौरव का अनुभव कर रहा हूं। विद्यालय पत्रिका विद्यालय की शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होती है। छात्र-छात्राओं को सीखने के समान अवसर उपलब्ध कराना एवं उनमें अंतर्निहित योग्यताओं का विकास करने के लिए विद्यालय प्रयासरत है। आज का विद्यार्थी आने वाले भारत का भविष्य है, राष्ट्र का गौरव है । अत: शिक्षार्थियों का सर्वांगींण विकास करना हमारा प्रथम कर्तव्य है।

विद्यालय ई-पत्रिका का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक योग्यताओं एवं क्षमताओं को मंच उपलब्ध कराना है । प्रस्तुत पत्रिका में प्रकाशित बाल रचनाकारों की रचनाएं निश्चित रूप से हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी साहित्य की विभिन्न विधाओं का रसपान कराने में सक्षम हैं।

विद्यार्थियों की सृजनात्मक शक्ति संवेदन शीलता, कल्पना, एकता ,राष्ट्र प्रेम एवं विश्व बंधुत्व की भावना से समन्वित है। छात्र-छात्राओं की उत्तम गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

विद्यालय ई- पत्रिका के प्रकाशन में जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का सहयोग रहा है, वे सभी साधुवाद के पात्र हैं। सभी शिक्षार्थियों को सुन्दर,सुखद,सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं ।

ब्रिजेश पाल सिंह

प्राचार्य

संपादक

की कलम से.....

विद्यालय पत्रिका शिक्षण एवं शिक्षणेतर विद्यालयी क्रियाकलापों का प्रतिबिंब होती है,

जिससे विद्यार्थियों की शारीरिक एवं मानसिक दक्षताओं का पता चलता है। विद्यालय पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति, सृजनात्मकता एवं संवेदनशीलता के भाव का विकास कर उनको समुचित दिशा प्रदान करते हुए समाज का आदर्श नागरिक बनाना है।

प्रस्तुत पत्रिका में विद्यार्थियों ने हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में साहित्य की विभिन्न विधाओं जैसे कि कहानी, कविता ,अनुच्छेद, यात्रा साहित्य, पर्यावरण परक लेख रचना द्वारा रचनात्मकता का परिचय दिया है, जिनसे सहयोग, सम्मान, स्नेह, सत्य , स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण, एकता, अखंडता, करुणा, अहिंसा , भाईचारा एवं देश प्रेम की भावना का संदेश मिलता है।

मैं सुधी पाठकों से अनुरोध करना चाहूंगा कि रचनाओं को पढ़कर उनमें निहित संवेदनाओं को अंगीकार करते हुए त्रुटियों को नज़र अंदाज कर बाल कलाकारों का अपना शुभाशीष प्रदान करें।

अंत में मैं प्राचार्य महोदय श्री ब्रिजेश पाल सिंह जी का हार्दिक साधुवाद करता हूं,जिनका समय-समय पर समुचित मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा । मैं संपादक मंडल एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी धन्यवाद ज्ञापन करता हूं ,जिनके अथक प्रयास से ई-पत्रिका प्रकाशन कार्य समय पर संभव हो सका।

सभी बाल कलाकारों का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन ।

ओम प्रकाश गोस्वामी

स्नातकोत्तर शिक्षक

(हिन्दी)

विद्यालय के होनहार

SHIVAM GARG XIIA	KHUSHI BALIYAN XIIA	KAMYA VERMA XIIA	SHIKHA XIIA
97.2% , 486/500 (SCI.)	96.6%, 483/500(SCI.)	96%, 481/500(SCI.)	96%, 481/500(SCI.)

GUNJAN XIIB	ANKIT BALIYAN XIIB	AREEN FATIMA
86.6%,433/500 (COMMERCE)	82.6%, 413/500(COMMERCE)	82.2%, 411/500 (COMMERCE)
SAMIKSHA X A	MOHINI X B	PRANSHU X B
93.4%, 467/500	92.2%, 461/500	90%, 450/500
SHAGUN X II SHIFT	SHIVAM KUMAR X II SHIFT	AADITYA GAUR X II SHIFT
89% , 445/500	87.4% 437/500	85.2% , 426/500

विद्यालय गतिविधियाँ

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

स्वच्छ भारत अभियान

सर्वधर्म प्रार्थना

गाँधी आश्रम खादी भण्डार भ्रमण

विद्यार्थी परिषद्

योग दिवस

हिन्दी अनुभाग

गुरु.....

जब से मैं इस दुनिया में आई,
तभी से मेरी शिक्षा शुरू हो गई।
लेकिन मुझे पता न था,
कितनों की मैं ऋणी हो गई।

जीवन के सबसे पहले गुरु होते हैं मां-बाप।
पकड़कर हाथ, चलना सिखाते हैं साथ साथ।
हर मां बाप की इच्छा होती है यही,
कि उनका बच्चा हो हर परीक्षा में पास।

जैसे जैसे बड़े होते हैं हम,
एक लम्बी कड़ी जुड़ती चली जाती है।
हर छोटी से छोटी बात भी,
हमें बहुत कुछ सिखलाती है।

ज़िन्दगी में बहुत लोग आए हैं,
और भविष्य में भी आएंगे।
परन्तु क्या हमने सोचा है,
कितने सच्चाई से रूबरू करवाएंगे।
सच्चे गुरु की होती है यही पहचान,
जो हमें जीना सिखाए स्वाभिमान के साथ।
हमेशा हमारे सर पर रहे उनका हाथ।

करती हूं मैं नमन उन्हें-
जिनका मेरी इस छोटी सी ज़िन्दगी में,
है बहुत बड़ा योगदान.....

श्रेया सैनी
कक्षा-12 वी 'अ'
रमन सदन प्रथम पाली

एक पिता की आवाज

मेरी बिटिया, मेरी आन है, मेरी शान है,
इस जग में तू ही मेरी पहचान है।
तेरी किलकारिओ से गूंजा,
मेरा यह जहान है ।

तेरे हंसने पर लगता ,
खुदा कुछ मुझ पर ज्यादा ही मेहरबान है।
तेरे रोने पर लगता जैसे ,
सारी दुनिया वीरान है ।

मत रुकना तू इस ज़मीं पर,
तेरी मंजिल तो आसमान है।
हो पूरी तेरी सारी इच्छाएं ,
बस मेरा यही अरमान है ।

चलना ऐसे ही सही राह पर,
तू ही तो मेरा अभिमान है।
मत झुकने देना कभी अपने स्वाभिमान को,
वही तेरी पहचान है।

शिखा गोगालिया
कक्षा – बारहवीं अ
अशोक सदन प्रथम पाली

सीमा दर्शन आख्या .....

नमस्कार!

सर्वप्रथम में केंद्रीय विद्यालय मुजफ्फरनगर के स्टाफ का धन्यवाद करूंगा कि सीमा दर्शन प्रोग्राम के लिए मुझे चयनित किया गया यह मेरा सौभाग्य था कि मैं सीमाओं का दर्शन करने का मौका प्राप्त हुआ।

केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जयपुर देहरादून आगरा दिल्ली लखनऊ विभिन्न संभागों को सीमा दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत धारचूला पिथौरागढ़ का भ्रमण 13 मई से 19 मई तक का भ्रमण कार्यक्रम देहरादून संभाग द्वारा आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई।

देहरादून संभाग के द्वारा केंद्रीय विद्यालय हल्द्वानी कैंट का इस कार्यक्रम को सफल संचालन हेतु उचित दिशा निर्देश दिए गए तदोपरांत केंद्रीय विद्यालय हल्द्वानी में पांचों संभाग के बच्चे 11 मई एवं 12 मई 2019 तक सभी संभागों के बच्चों की उपस्थिति दर्ज करा दी गई थी 12 मई को शाम 4:00 बजे केंद्रीय विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न संभागों के बच्चों का स्वागत गीत गा कर स्वागत किया गया इस उपरांत केंद्रीय विद्यालय संगठन देहरादून संभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती अलका गुप्ता द्वारा बच्चों को विस्तृत रूप से सीमा दर्शन की जानकारी दी गई जैसे हम कार्यक्रम किस किस तरह सैनिक एवं जनमानस सरहदों पर अपना जीवन यापन कैसे करते हैंस्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैप्टन निखिल कोटवाल सीमा दर्शन कार्यक्रम के महत्व को बच्चों के साथ साझा किया अब किस तरह हमारे वीर सैनिक सरहदों में किसी भी तरह की कठिनाइयों से लड़ते हुए अपने देश की सुरक्षा करते हैं तब जाकर हम चैन की नींद सोते हैं अंत में प्राचार्य टीपी आर्य ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और कहा कि सीमा दर्शन जैसे कार्यक्रमों से आप अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों के साथ लड़ सकते हैं और कैसे जीत सकते हैं।

केंद्रीय विद्यालय हल्द्वानी से विभिन्न संभागों के 50 बच्चों एवं शिक्षक सीमा दर्शन कार्यक्रम के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल श्री भारद्वाज जी एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री टीपी आर्य जी के नेतृत्व में हल्द्वानी से अल्मोड़ा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया गया हल्द्वानी से 45 किलोमीटर दूर परम पूजनीय बाबा श्री नीम करोली जी महाराज के दर्शन के लिए वहां रुके एवं गाइड श्री अनुप ज़ख्मोला द्वारा बच्चों को नीव कटोरी जी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और साथी किस तरह विश्व के प्रसिद्ध व्यवसाय एवं एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स किस तरह इस मंदिर के प्रति अपनी आस्था रखते हैं और बाबा नीब कटोरी जी के दर्शन करने के उपरांत उनके निजी और व्यवसायिक जीवन में अपार सफलता हासिल की।

हमारी टीम के सभी बच्चे 14-05-2019 को केंद्रीय विद्यालय रानीखेत के प्राचार्य श्री एसके जोशी के दिशा निर्देश में गोविंद वल्लभ पंत प्रशिक्षण संस्थान से नाश्ता करके पिथौरागढ़ के लिए रवाना हुए अल्मोड़ा से लगभग 9 किलोमीटर दूर पिथौरागढ़ हाईवे पर न्याय के देवता कहे जाने वाले गोलू देवता के दर्शन किए।

रात्रि प्रवास के लिए पिथौरागढ़ में हम सभी लोग आर्मी कैंप में गए वहां पर जो आर्मी के जवानों का जीवन है उस से रूबरू होने का मौका मिला सबसे बड़ी बात यह है जो मैंने देखा की आर्मी जवान वहां पर हर कार्य को समय अनुसार कर रहे थे जो लिस्ट में दी गई थी कार्यक्रमों की सभी कार्यक्रम समय पर हो रहे थे 6:00 बजे वाला कार्यक्रम 6:00 बजे 7:00 वाला कार्यक्रम 7:00 बजे कोई भी कार्यक्रम ऐसा नहीं था जो 1 मिनट पहले या 1 मिनट बाद हो रहा अपने समय अनुसार सभी कार्यक्रम हो रहे थे वहां पर हमें आर्मी के हथियारों के बारे में जानने का मौका मिला और सभी हथियारों के बारे में जाना और युद्ध में जब सभी गोलियां जवानों के पास खत्म हो जाती है

तो दुश्मन पर हमारे जवान कैसे पार करते हैं वह भी जानने का मौका मिला और वहां पर जलपान की व्यवस्था सराहनीय थी इसके बाद हमारी टीम धारचूला के लिए रवाना हुई और वहां पर भी हमें आर्मी कैंप में जाने का मौका मिला वहां पर हमें सभी हथियारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी मिली मंदिर में घूमने का अवसर मिला सेना के घोड़े देखने का अवसर मिला और किस तरह से सेना तंबू और कैंप में अपना जीवन व्यतीत करती है यह देखने का अवसर मिला ।

उसके बाद हमारी टीम नेपाल के दार्चुला के लिए रवाना हुई वहां पर हमने नेपाल भारत मैत्री भवन देखा और नेपाल में किस तरीके से लोग जीवन व्यतीत करते हैं यह रूबरू होने का मौका मिला और हर प्रकार से नेपाल और भारत भाई भाई है वहां पर हमारे यहां की लड़कियों की शादी होती है और यहां पर उनके वहां की लड़कियों की शादी होती है यह हमें वहां के नागरिकों से पता चला हमने वहां के नागरिकों से पूछा बे बोलते हैं ऐसा लगता ही नहीं कि यह जो देश है हमें तो ऐसा लगता है परिवार है।

मेरे प्यारे दोस्तों मेरा यह भ्रमण अब तक का सबसे अच्छा भ्रमण रहा क्योंकि यहां पर हमें अपने सैन्य शक्ति जानकारी पाने का अवसर प्राप्त हुआ और देवों की भूमि कहे जाने वाली उत्तराखंड में लोग कैसे जीवन व्यतीत करते हैं ?यह जानने का मौका मिला।

हमारी यह पूरी यात्रा पहाड़ों पर हुई और पहाड़ों पर जो खेती होती है जो खाना होता है और जो लोग रहते हैं उनसे जब बातचीत की तो वह बताते हैं कि हम बहुत ज्यादा कठिनाइयों में रहते हैं परंतु हमें जो हौसला प्राप्त होता है वह हमारे सैनिकों से होता है कि वह भी तो इसी माहौल और इसी मौसम और इन्हीं पहाड़ों पर रह रहे हैं हम भी उन्हें देखकर अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करते हुए देश के अलग-अलग शहरों में यहां पर उगाए जाने वाली फसलें पहुंचाते हैं और देश को पहाड़ों से अनेक जड़ी बूटियां देते हैं। कुछ जड़ी बूटियां ऐसी हैं जो इन्हीं पहाड़ों पर मिलती है ,वह धरातल पर नहीं मिलती है।

अंकित बालियान
कक्षा- बारहवीं ब
प्रथम पाली

गुरु.....

अज्ञान को मिटा कर,
ज्ञान का दीपक जलाया है
गुरु कृपा से मैंने,
ये अनमोल शिक्षा पाया ह...

जल जाता है वो दिए की तरह ...
कई जीवन रोशन कर जाता है...
कुछ इस तरह से गुरू ,
अपना फ़र्ज़ निभाता है ...

गुमनामी के अन्धेरे मे था
पेहचान बना दिया
दुनिया के गम से मुझे
अनजान बना दिया
उनकी एसी कृपा हुई
गुरु ने मुझे एक अच्छा
इंसान बना दिया....

गुरु बिना शिक्षा कहां
उसके ज्ञान का आदि न अंत यहां
गुरु ने दी शिक्षा जहां
उठी शिष्टाचार की मूरत वहां ...

सिम्पल सोम
कक्षा- बारहवी "ब" प्रथम पाली

मनोविज्ञान से जुड़े रोचक तथ्य

1. हमारे शरीर की हर कोशिका पर हमारे विचारों का प्रभाव पड़ता है।यदि विचारों में नकारात्मकता ज़्यादा है तो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है।इसके विपरीत यदि हमारे अधिकतर विचार सकारात्मक है तो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

2. आप जिस तरह का संगीत सुनते हैं बिल्कुल उसी नज़रिये से आप जीवन को देखते है।इसीलिए अपने संगीत का चुनाव सोच समझकर करें।

3. जो लोग दूसरों की मदद करके खुशी महसूस करते हैं वे मानसिक रूप से अधिक स्वस्थ रहते हैं और उनकी उम्र लंबी होती है।

4. हमारे शरीर का दायां भाग हमारे मस्तिष्क के बाएं भाग को नियंत्रित करता है और हमारे शरीर का बयाँ भाग दिमाग के दाएं भाग को नियंत्रित करता है।

5. यदि आप किसी से बात करते समय उसके नाम का प्रयोग करते हैं, तो वह व्यक्ति आपकी बातों में ओर अधिक रुचि लेने लगता है।

6. नीला रंग एक ऐसा रंग है जो तनाव कम करता है, एकाग्रता शक्ति को बढ़ाता है और मन को शांति प्रदान करता है।

7. जब हम किसी को दोनों हाथ जोड़कर नमस्ते करते है तो सभी उंगलियों के शीर्ष के संपर्क में आते है और उनपर दबाव पड़ता है तो accupressure के कारण उसका सीधा प्रभाव हमारे आंख , कान ओर दिमाग पर पड़ता है और सामने वाले को हम लंबे समय तक याद रख सकते है।

8. रेस्तरां की ब्रांडिंग में अक्सर पीले, नारंगी और लाल रंग का इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि ये रंग हमारी भूख की भावना को बढ़ाते है।

9. अगर आप अपने पसंदीदा गाने को अपना अलार्म बना लेते हैं तो आप उसको नासन्द करने लगेंगे।

10. आप वह नही हैं जैसा लोग आपको मानते हैँ, आप वह हैँ जैसा आप खुदको मानते हैं।इसीलिए हमेशा खुद पर यकीन रखें।

विधि आहूजा

कक्षा - 12 अ प्रथम पाली

लाक डाउन का समय

संभाल कर रखिए जनाब ये फ़ुरसत के लम्हें
बड़ी क़ीमत अदा कर ये दौर ए सुकूं पाया है

अपने हाथों से दे रहे थे ज़ख्म बेहिसाब
कुदरत ने तो बस आज आईना दिखाया है

सिमट आए है रिश्ते चार दिवारी में
खौफ ने ही सही, मकान को घर तो बनाया है

मुद्दतों बाद खुश है आज बूढ़ा दरख़्त
शाख से टूटे पत्तों को कोई रौंदने नहीं आया है

थम गया है शोर ए रफ़्तार जमाने का
ये कौन सा पंछी मेरे आंगन में चहचहाया है

आ भुला दे खुद को इन खामोश फिज़ाओं में
खुद को खोया जिसने उसी ने खुद को पाया है...

फातिमा ज़िकरा

कक्षा- 12वी 'ब' प्रथम पाली

प्रकृति

तुम नोचते गए उसको वो खुद को नुचवाती रही।
तुम बच्चे हो उसके बस यही सोचकर वह हर दर्द सहती रही।
बिना किसी पक्षपात के वो सबको छाव देती रही मेरी प्रकृति।।
आज सबके मुंह पर रोना क्योंकि फैल गया कोरोना ।
केवल नहीं है यह कोरोना यह है मेरी प्रकृति का रोना।।
उसके प्यार का फायदा उठाया तो अब उसके तांडव से डरो ना।
सजा मिलेगी सबको बराबर तो अब तुम कहीं छुपा ना।
धरती भी फटेगी आसमान भी गजरेगा प्रकृति को रुलाया है तूने, मनुष्य तू देख अब तू कैसा डरेगा।।
बेजुबान जानवरों को तू मारता रहा, मेरी प्रकृति को तू नोचता रहा।
इसके प्यार का फायदा उठाया तो अब उसके तांडव से डरो ना क्योंकि फैल गया करोना क्योंकि फैल गया कोरोना।।

पीयूष संगम
कक्षा- 12वीं 'ब'प्रथम पाली

इरादा

चाहे नजर ना आये कहीं उजाला
चाहे लगा हो हर चौखट पर ताला
चाहे कहती रहे दुनिया मुझे मतवाला
भरकर नैनों में दिव्य ज्ञान ज्योति
हर गलत बात पर कलम जरूर उठाऊंगा
पर मैं दीया जरूर जलाऊंगा

चाहे रहे सदा मेरे जमाना विरूद्ध
चाहे कितनी मर्जी हो राहें अवरूद्ध
चाहे रोकने आ जाएं मुझे फरिश्ते खुद
भरकर तूफानों सा हौसला सांसो में
मैं कोशिश कर हर डूबते को बचाऊंगा
पर मैं दीया जरूर जलाऊंगा

चाहे करना पड़े मुझे खुद का खात्मा
चाहे धधकती रहें मेरी व्याकुल आत्मा
चाहे साथ ना दे मेरा दयालु परमात्मा
जिंदा हूँ जब तक जमीन पर मैं तो
हर हाल में अपना मानव धर्म निभाऊंगा
पर मैं दीया जरूर जलाऊंगा

मेरी प्यारी रूह तू मेरा साथ देना
डूबने लगूं जब मुझे अपना हाथ देना
नजर आऊं भीड़ से अलग सूरज सा
औरों से अलग मुझे कुछ तो बात देना
दर्द भरा है अपनों की खातिर दिल में इतना
के सांसे है जब तक,तब तक प्रेम गीत गाऊँगा
पर मैं दीया जरूर जलाऊंगा |

अरीन फातिमा
कक्षा- 12 ब प्रथम पाली

मेरी माँ

1 - मेरी माँ मेरी महोब्बत, मेरा गुरूर, मेरा सुरूर है ।
मुझे गुमान है अपनी माँ पे ,असी होगी ना कही ।
माँ आज तक तुने जो सीखाया, वो एक एक बात बिलकुल सही ।

2 - माँ तू ही मेरी पहचान है , माँ तु ही मेरा सम्मान ।
माँ तुझी से मेरी सुबह , माँ तुझी से मेरी श्याम है ।

3 - माँ करती तु दिन भर काम है । ना करती कभी आराम है।
अब क्या - क्या कहु तेरे बारे मे माँ ।
तुझे मेरा बार - बार सलाम है ,बार-बार सलाम है।

देवराज राणा

कक्षा- 12 ब प्रथम पाली

बचपन

एक बचपन का जमाना था ,
जिस में खुशियों का खजाना था...
चाहत चांद को पाने की थी ,
पर दिल तितली का दिवाना था...
खबर ना थी कुछ सुबह की ,
ना शाम का ठिकाना था...
थक कर आना स्कूल से ,
पर खेलने भी जाना था...
मां की कहानी थी ,
परियों का फसाना था...
बारिश में कागज की नाव थी ,
हर मौसम सुहाना था...

हमजा खान,

कक्षा- बारहवीं 'ब' प्रथम पाली

मधुर वचन

गुण न हो तो रूप व्यर्थ है।

विनम्रता न हो तो विद्या व्यर्थ है।

उपयोग ने हो तो धन व्यर्थ है।

साहस न हो तो हथियार व्यर्थ है।

भूख न हो तो भोजन व्यर्थ है।

होश न हो तो जोश व्यर्थ है।

परोपकार न करने वाले का तो जीवन ही व्यर्थ है।।

अंकित बालियान

कक्षा- 12वीं ब प्रथम पाली

ऑनलाइन शिक्षण पर स्लोगन.....

ऑनलाइन पढ़ोगे , तब ही खुद को और समय को बचा पाओगे ।।

नव्या जैन

कक्षा – पांचवीं ब प्रथम पाली

कोरोना से हमारी पढ़ाई का हुआ है जो नुकसान ।

ऑनलाइन करके पढ़ाई , भविष्य में लायेंगे मुस्कान ।।

नाजिआ

कक्षा- पांचवीं ब प्रथम पाली

यदि नहीं होना चाहते क्वारेंटाइन,

तो पढ़ना होगा ऑनलाइन ।

अनुपम गोस्वामी

कक्षा – तृतीय अ प्रथम पाली

1. ऑनलाइन पढ़ना है जरूरी,
तभी जरूरते होगी पूरी..
2. ऑनलाइन पढ़ाई है एक अभियान,
बनाये सफल और महान..

अरनव कहमार

कक्षा – आठवीं अ प्रथम पाली

कोरोना बीमारी बुरी, इसको लो तुम जान ।
ऑनलाइन शिक्षण करो,
योग और नित ध्यान ।।

नेहा गौतम

कक्षा - ग्यारहवीं ब प्रथम पाली

घर मे बैठे क्या करे,पर सुरक्षा भी है अपने हाथ।
समय के सदुपयोग से ऑनलाइन पढ़ हम बनेंगे विद्वान।।

श्वेता गोगालिया

कक्षा- सातवीं 'ब' प्रथम पाली

1- गुरु का सर पर हाथ हो, ऑनलाइन का साथ हो।
2- कोरोना से लड़ेंगे, ऑनलाइन ही पड़ेंगे।
3- भारतवासी महान है,ऑनलाइन आसान है
4- कोविड को भगाऐगे, ऑनलाइन अपनाएंगे।
5- उज्जवल भविष्य की एक ही भाषा,ऑनलाइन पर टिकी है आशा।
6- कोरोना को भगाना है, ऑनलाइन अपनाना है।

आशुतोष कौशिक

कक्षा -छह अ प्रथम पाली

कोरोना के काल में, नवाचार इस बार ।
ऑनलाइन शिक्षण रूप में,
विद्यालय आपके द्वार ।।

ओम प्रकाश गोस्वामी
स्नातकोत्तर शिक्षक प्रथम पाली

मैं आज "मैं" होना चाहती हूँ

बिन सफर, बिन मंज़िलों का
एक रास्ता बनना चाहती हूँ।

कही दूर किसी जंगल में,
ठहरा दरिया होना चाहती हूँ।

एक ज़िन्दगी होना चाहती हूँ
बिना रिश्तें रिवाजों की।

दूर आसमान से गिरते,
झरने में कही खोना चाहती हूँ।

मैं आज "मैं" होना चाहती हूँ....।

प्रेरणा
कक्षा- ग्यारहवीं ब प्रथम पाली

मोबाइल फोन मुसीबत या सहायक

दुनिया के पहले मोबाइल फोन का निर्माण मार्टिन कूपर नाम के एक इंजीनियर द्वारा किया गया था। जिसे उन्होंने 13 अप्रैल 1973 को दुनिया के सामने प्रकाशित किया था।आज के युग में विज्ञान के नए नए आविष्कारों से हमारे जीवन में बहुत से बदलाव आ चुके है। मोबाइल फोन हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। शुरुआत में तो यह सिर्फ बातचीत करने के काम आता था लेकिन आजकल तो इसमें संदेश भेजना, वीडियो बनाना, खरीदारी करना, पढ़ाई आदि चीजों के लिए उपयोग किया जाता है।हालांकि यह हमारे जीवन को बहुत आसान बना रहा है परंतु इसकी कुछ खामियां भी हैं। बच्चे मोबाइल का उपयोग बहुत ज्यादा कर रहे हैं जिसकी वजह से उन्हें कम उम्र में चश्मा लगाना और अन्य शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिक समय मोबाइल में बिताने के कारण हम अपने

परिवार रिश्तेदारों से भी दूर होते जा रहे हैं। फेसबुक ,ट्विटर , व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम जैसी सामाजिक मीडिया ने बच्चों और बड़ों को अपनी तरफ आकर्षित किया है। इसलिए हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हम मोबाइल फोन का उपयोग कब करें और हमें इसका प्रयोग एक संतुलित प्रकार से करना चाहिए जिससे यह हमारे लिए सहायक बने मुसीबत नहीं।

मुस्कान मित्तल

कक्षा- ग्यारहवीं अ

पृथ्वी

पृथ्वी पालन करती है सबका,
इसे स्वच्छ रखना कर्तव्य हमारा ।

पेड़-पौधों से इसकी सुन्दरता,
पानी इसका अनमोल रतन ।

करो ना पानी तुम बेकार,
सुन्दर सबके हों विचार ।

खूब सारे पेड़ लगाओ,
और सबका जीवन बचाओ ।

क्योंकि पृथ्वी है सबका परिवार ।

अनुराग गोस्वामी

कक्षा- प्रथम

प्रथम पाली

गुरु

गुरु है तो विश्वास है,
गुरु है तो सब पास है,
गुरु से ही आस है,
गुरु जो अपने पास है,

तो मंजिल की क्या बात है,
एक सुंदर सा एहसास है,
ना हो कोई लक्ष्य अधूरा,
सब कुछ अपने हाथ हैं,

गुरु सुंदर साज है,
गुरु शिष्य का सरताज है,
गुरु वो जो कभी मन की ना होने दें शाम है...
गुरु के चरणों को शत-शत प्रणाम है...

वर्निका तोमर
कक्षा- ग्यारहवीं ब प्रथम पाली

मिलकर कोरोना को हराना है (कविता)

दूरी है दूरी है, अभी सबसे दूरी हैं।
पास न जाना तुम,ये बेहद जरूरी हैं।
एक ही कमरे में, ये दुनिया पुरी हैं।
जान से भी ज्यादा, पैसा क्या जरुरी है?

मिलकर कोरोना को हराना है,
घर से हमें कहीं नहीं जाना है,
हाथ किसी से नहीं मिलना है,
चहरे से हाथ नहीं लगाना है,

बार-बार अच्छे से हाथ धोने जाना है,
सेनेटाइज करके देश को स्वच्छ बनाना है,
बचाव ही इलाज है यह समझाना है,
कोरोना से हमकों नहीं घबराना है,

सावधानी रखकर कोरोना को मिटाना है,
देशहित में सभी को यह कदम उठाना है।

सौम्या भारद्वाज
कक्षा- नवमीं ब
प्रथम पाली

डरते क्यों हो!!

कोने में बैठ कर क्यों रोता है,
यू चुप चुप सा क्यों रहता है।

आगे बढ़ने से क्यों डरता है,
सपनों को बुनने से क्यों डरता है।

तकदीर को क्यों रोता है,
मेहनत से क्यों डरता है।

झूठे लोगो से क्यों डरता है,
कुछ खोने के डर से क्यों बैठा है।

हाथ नहीं होते नसीब होते है उनके भी,
तू मुट्ठी में बंद लकीरों को लेकर रोता है।

भानू भी करता है नित नई शुरुआत,
सांज होने के भय से नहीं डरता है।

मुसीबतों को देख कर क्यों डरता है,
तू लड़ने से क्यों पीछे हटता है।

किसने तुमको रोका है,
तुम्ही ने तुम को रोका है।

भर साहस और दम, बढ़ा कदम,
अब इससे अच्छा कोई न मौका है।

जया पुण्डीर
कक्षा- ग्यारहवीं 'अ'
प्रथम पाली

मेरी मां

अच्छी , सच्ची प्यारी मां ,
सबसे न्यारी मेरी मां ।

मेरी मां मेरा भगवान,
मेरा जीवन मां का दान ।

मां की सेवा मेरा काम,
मां का सपना मेरा नाम।

मैं मां का अनमोल रतन,
मां का प्यार मेरा धन ।

अनुपम गोस्वामी
कक्षा- तृतीय अ
प्रथम पाली

दूरी.....

दूरी है दूरी है, अभी सबसे दूरी हैं।
पास न जाना तुम,ये बेहद जरूरी हैं।
एक ही कमरे में, ये दुनिया पुरी हैं।
जान से भी ज्यादा, पैसा क्या जरुरी है?

मिलकर कोरोना को हराना हैं।
घर से हमें कहीं नहीं जाना हैं।
हाथ किसी से नहीं मिलाना हैं।
चेहरे पर हाथ नहीं लगाना हैं।

बार-बार अच्छे से हाथ धोने जाना हैं।
सेनेटाइज करके देश को स्वच्छ बनाना हैं।
बचाव ही इलाज है ये समझाना हैं।
कोरोना से हमको नहीं घबराना हैं।

सावधानी रखकर कोरोना को मिटाना हैं।
देशहित में सभी को यह कदम उठाना हैं।

नैना धीमान
कक्षा- नवमीं ब
प्रथम पाली

वृक्षारोपण

हमारे देश भारत की संस्कृति. एवं सभ्यता वनों में ही पल्लवित तथा विकसित हुई है यह एक तरह से मानव का जीवन सहचर है वृक्षारोपण से प्रकृति का संतुलन बना रहता है वृक्ष अगर ना हो तो सरोवर (नदियां) में ना ही जल से भरी रहेंगी और ना ही सरिता ही कल कल ध्वनि से प्रभावित होंगी वृक्षों की जड़ों से वर्षा ऋतु का जल धरती के अंक में पोहचता है, यही जल स्त्रोतों में गमन करके हमें अपर जल राशि प्रदान करता है वृक्षारोपण मानव समाज का सांस्कृतिक दायित्व भी है, क्योंकि वृक्षारोपण हमारे जीवन को सुखी संतुलित बनाए रखता है। वृक्षारोपण हमारे जीवन में राहत और सुखचैन प्रदान करता है।

“वृक्षारोपण से ही पृथ्वी पर सुखचैन है
इसे लगाओ जीवन का एक महत्वपूर्ण संदेश है.”

संस्कृति और वृक्षारोपण

भारत की सभ्यता वनों की गोद मे ही विकासमान हुई है। हमारे यहां के ऋषि मुनियों ने इन वृक्ष की छांव में बैठकर ही चिंतन मनन के साथ ही ज्ञान के भंडार को मानव को सौपा है। वैदिक ज्ञान के वैराग्य में, आरण्यक ग्रंथों का विशेष स्थान है वनों की ही गोद में गुरुकुल की स्थापना की गई थी। इन गुरुकुलो में अर्थशास्त्री, दार्शनिक तथा राष्ट्र निर्माण शिक्षा ग्रहण करते थे इन्ही वनों से आचार्य तथा ऋषि मानव के हितों के अनेक तरह की खोजें करते थे ओर यह क्रम चला ही आ रहा है। पशियो चहकना, फूलो का खिलना किसके मन को नहीं भाता है इसलिए वृक्षारोपण हमारी संस्कृती में समाहित है।

हमारे भारत देश में जहां वृक्षारोपण का कार्य होता है वही इन्हें पूजा भी जाता है। कई ऐसे वृक्ष है, जिन्हें हमारे हिंदू धर्म में ईश्वर का निवास स्थान माना जाता है, जैसे नीमका पेड़, पीपल का पेड़, आंवला, बरगद आदी को शास्त्रों के अनुसार पूजनीय कहलाते है और साथ ही धर्म शास्त्रों में सभी तरह से वृक्ष प्रकृति के सभी तत्वों की विवेचना करते हैं। जिन वृक्ष की हम पूजा करते है वो औषधीय गुणों का भंडार भी होते हैं, जो हमारी सेहत को बरकरार रखने में मददगार सिद्ध होते है। आदिकाल में वृक्ष से ही मनुष्य की भोजन की पूर्ति होती थी, वृक्ष के आसपास रहने से जीवन में मानसिक संतुलन ओर संतुष्टि मिलती है गीता में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं।

” मूलतः ब्रह्मा रूपाय मध्यतो विष्णु रुपिनः
अग्रतः शिव रूपाय अश्वव्याय नमो नमः.”

अर्थात- इसके मूल रूप में ब्रह्मा मध्य में विष्णु ओर अग्र भाग में शिव का वास होता है, इसी कारण अश्व्यय नामधारी वृक्ष को नमन किया जाता है।

वनों से लाभ

वनों से हमे भवन निर्माण की सामग्री मिलती है औषधीय, जड़ी बूटियां, गोंद, घास, तथा जानवरों का चारा भी वनों से ही प्राप्त होता है।वन तापमान को सामान्य बनाने में सहायक एवं भूमि को बंजर होने से रोकता है वनों से लकड़ी, कागज, फर्नीचर, दवाईया, सभी के लिए हम वनों पर ही निर्भर है। वन हमे दूषित वायु को ग्रहण करके शुद्ध एवं जीवन दायक वायु प्रदान करता है, जितनी वायु और जल जरूरी है उतना ही आवश्यक वृक्ष होते हैं इसलिए वनों के साथ ही वृक्षारोपण सभी जगह करना जरूरी है और कई तरह के लाभ देने वाले वनों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य।

वनों के कटने से कई तरह की हानियां

आज मानव अपनी भौतिक प्रगति की तरफ आतूर है वह अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए बेधड़क वृक्षों की कटाई कर रहा है ओधोगिक प्रतिस्पर्धा और जनसंख्या के चलते बनो का क्षेत्रफल प्रतिदिन घटता जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार एक करोड़ हेक्टेयर इलाके के वन काटे जाते हैं, अकेले भारत में ही 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले बनो को काटा जा रहा है, वृक्ष के कटने से पक्षियों का चहचहाना भी कम होता जा रहा है, पक्षी प्राकृतिक संतुलन स्थिर रखने में प्रमुख कारक है, परंतु वृक्षों की कटाई से तो वो भी अब कम ही दिखने लगे हैं, अगर इसी तरह से वृक्ष की कटाई होती रही तो इसके अस्तित्व पर ही एक प्रश्न चिन्ह लग जाएगा।

वृक्षारोपण कार्यक्रम

हमारे देश भारत में वृक्षारोपण के लिए कई संस्थाएं, पंचायती राज संस्थाएं, राज्य वन विभाग, पंजीकृत संस्था, कई समितिया ये सब वृक्षारोपण के कार्य कराती हैं कुछ संस्थाओं तो वृक्ष को गोद लेने की परंपरा कायम कर रही है, शिक्षा के पाठ्यक्रम में भी वृक्षारोपण को भी स्थान दिया गया है, पेड़ लगाने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए आज हमें ए.के. जोन्स की तरह ही वृक्षारोपण का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

: आज हमारे देशवासी वनों तथा वृक्षों की महत्ता को एक स्वर से स्वीकार कर रहे हैं वन महोत्सव हमारे राष्ट्र की अनिवार्य आवश्यकता है, देश की समृद्धि में हमारे वृक्ष का भी महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए इस राष्ट्र के हर नागरिक को अपने लिए और अपने राष्ट्र के लिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है।

नैना धीमान

कक्षा-नवमीं ब

प्रथम पाली

वृक्षों की दास्तां.....

ए वृक्ष! मेरे साथी-
क्या यही है दास्तां तेरी?
दिया जिसने जीवन दान सभी को-
क्या यही है नियति तेरी?

पत्ते, लकड़ी, फल- फूल सभी कुछ,
जीवन जीने का उपहार दिया।
प्रकृति का नूर है तू ही-
मानव जीवन साकार किया!

क्यों यह मनुष्य समझता नहीं है,
क्यों बना है तेरा दुश्मन?
नहीं जानता यह मानव अब भी-
अन्धकार अपना बुन रहा है खुद।

जब नहीं थे ये अनमोल वृक्ष धरती पर-
क्या जीवन संभव हो पाया था।
वृक्षों के अस्तित्व में आने पर भी-
करोड़ों सालों बाद मानव जन्म पाया था।

नादानी के इस अंधेरे में-
अपना जीवन खो जाएगा।
आज तो लगा है वृक्ष मारने तू मनुष्य-
अपना कल नहीं देख पाएगा तू!

श्रेया सैनी
कक्षा-12वी 'अ'

अमृत वाणी.....

गुरू आपकी अमृत वाणी
हमेशा मुझको याद रहे
जो अच्छा है जो बुरा है
उसकी हम पहचान करें!
मार्ग मिले चाहे जैसा भी
उसका हम सम्मान करे!

पाठ तुम्हारा याद रहे
अच्छाई और बुराई का
जब भी हम चुनाव करे
गुरु आपकी ये अमृत वाणी
हमेशा मुझको याद रहे!

साक्षी सैनी
12वी 'ब'
प्रथम पाली

वृक्षारोपण की आवश्यकता

वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है पर्यावरण संतुलन एवं मानव की वास्तविक प्रगति के लिए वृक्ष रोपण आवश्यक है वृक्ष हमारे लिए कई प्रकार से लाभदायक होते हैं जीव द्वारा छोड़े गए कार्बन डाइऑक्साइड को जीवनदायिनी ऑक्सीजन में बदल देते हैं वृक्षों के द्वारा हमें विभिनन की औषधियां प्राप्त होती है वृक्ष हमें छाया प्रदान करते हैं वृक्ष जहां पर्याप्त मात्रा में होते हैं वहां वर्षा की मात्रा भी सही होती है मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक वृक्षों एवं उनसे प्राप्त होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं पर निर्भर रहता है औद्योगीकरण के कारण वैश्विक स्तर पर तापमान में वृद्धि हुई है फल स्वरूप विश्व की जलवायु में प्रतिकूल परिवर्तन हुआ है साथ ही समुद्र का जल स्तर उठ जाने के कारण आने वाले वर्षों में कई देशों एवं शहरों की समुद्र में जल मग्न हो जाने की संभावना है तथा जलप्रदूषण ,वायु प्रदूषण ,भूमि प्रदूषण, एवं ध्वनि प्रदूषण में निरंतर वृद्धि हो रही है यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो परिणाम अत्यंत भयानक होंगे इन सभी कारणों को देखते हुए वृक्षारोपण की अत्यंत आवश्यकता है आज हमें वृक्षारोपण के कार्यक्रमों को

प्रोत्साहन देने की अंत्यत आवश्यकता है इसके लिए लोगों को वृक्षों से होने वाले लाभों से अवगत कराकर उन्हें वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना होगा शिक्षा के पाठ्यक्रम में भी वृक्षारोपण को पर्याप्त स्थान देना होगा प्रदूषण को कम करने एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यकता है।

परिशा चौधरी

कक्षा- बारहवीं ,ब

प्रथम पाली

माँ.....

मां तो जन्नत का फूल है,
प्यार करना उसका उसूल है ।
दुनिया की मोहब्बत फिजूल है,
मां की हर दुआ कबूल है ।
ऐ इंसान मां को नाराज करना तेरी भूल है,
मां के कदमों की मिट्टी जन्नत की धूल है ।
मां तो जन्नत का फूल है ।।

श्रेया त्यागी

कक्षा- आठवीं अ

प्रथम पाली

टमाटर

लाल टमाटर लाल टमाटर,
मैं तो तुमको खाऊँगा,
अभी न खाओ मै खुद्द दिन में,
और अधिक पक जाऊँगा |

लाल टमाटर लाल टमाटर,
मुझे भूख लगी भारी,

भूख लगी तो तुम खालो ,
यह गाजर मूली सारी।

लाल टमाटर लाल टमाटर,
मुझको तो तुम भाते हो,
तुमको जो अच्छा लगता है,
उसको तुम क्यों खाते हो|

लाल टमाटर लाल टमाटर,
अच्छा तुम्हें न खाऊंगा,
मगर तोड़कर डाली परसे,
अपने घर ले जाऊँगा|

लावण्या
कक्षा चतुर्थ- ब
प्रथम पाली

शिक्षक का अर्थ

शि - शिखर तक ले जाने वाला |

क्ष - क्षमा की भावना रखने वाला |

क - कमजोरी दूर करने वाला |

अर्थात

जो विद्यार्थी की हर गलती
को क्षमा करने की भावना रखता हैं और उसकी हर
कमजोरी दूर कर उसको शिखर (सफलता) तक ले जाता है।
वही सच्चा शिक्षक कहलाता है।

दिनेश त्यागी
कक्षा VIII B प्रथम पाली

"कोरोना काल कविता"

पहले छुट्टियो का इंतजार होता था,
मिलने के लिए सबका दिल बेकरार होता था
अब हाल कुछ यूँ हैं कि छुट्टियां खत्म होने का इंतजार होता है,
दोस्तों से क्या किसी से भी मिलना बदहाल होता है ,
मिलनसार व्यवहार जरा अब कम करो,
कोरोना है भाई थोड़ा तो डरो |
सुरक्षित घर पर रहो और स्वास्थ्य नियमों का पालन करो!!!!

अर्नव नाथ
कक्षा VIIIA प्रथम पाली

यात्रा साहित्य

साहित्य मनोवृति का घुमक्कड है। जब सौन्दर्य बोध की दृष्टि से उल्लास भावना से प्रेरित होकर यात्रा करता है,और उसकी मुक्त भाव से अभिव्यक्ति करता है। उसे यात्रा साहित्य/यात्रावृतांत कहते हैं।

मानव प्रकृति व सौन्दर्य का प्रेमी है। वह साहित्य की भांति घुमक्कड स्वभाव का है, जहां भी जाता है वहां से साहित्य की भांति कुछ-ना-कुछ ग्रहण करता है। उसके द्वारा ग्रहण किये गए प्रेम, सौन्दर्य, भाषा, स्मृति आदि को अपने शुद्ध मनोभावों से प्रकट करता है।

जो साहित्य में समाहित होकर एक नई विद्या का रूप ले लेता है।

मानव प्रकृति व सौन्दर्य का प्रेमी है। वह साहित्य की भांति घुमक्कड स्वभाव का है , जहाँ भी जाता है। वहां से साहित्य की भांति कुछ न-कुछ ग्रहण करता है। उसके द्वारा ग्रहण किये गये प्रेम, सौन्दर्य, भाषा को अपने शुद्ध मनोभावो से प्रकट करता है।

वंशकुमार
कक्षा VIII A
प्रथम पाली

शिक्षा

बहुत जरुरी होती है शिक्षा ,
सरे अवगुण धोती शिक्षा,
चाहे जितना पढ़ ले हम पर,
कभी न पूरी होती शिक्षा,
शिक्षा पाकर हे बनते है ,
नेता , अफ़सर , शिक्षक ,
वैज्ञानिक, मंत्री , व्यापारी
या साधारण रक्षक ,
कर्तव्यों का बोध कराती ,
अधिकारों का ज्ञान ,
शिक्षा से ही मिल सकता है ,
सर्वोपरि सम्मान ,
बुद्धिहीन को बुद्धि देती ,
अज्ञानी को ज्ञान ,
शिक्षा से ही बन सकता है,
भारत देश महान ,

इशिका शर्मा
कक्षा चतुर्थ ब
प्रथम पाली

एक कविता हर माँ के नाम

घुटनों से रेंगते -रेंगते,
कब पैरों पर खड़ा हुआ,
तेरी ममता की छाँव में,
जाने कब बड़ा हुआ,

काला टीका दूध मलाई,
आज भी सब कुछ वैसा है ,
मैं ही मैं हूँ हर जगह,

प्यार ये तेरा कैसा है?

सीधा-साधा, भोला-भाला

मै ही सबसेअच्छा हूँ।

कितना भी हो जाऊं बड़ा

माँ! मैं आज भी तेरा बच्चा हूँ।

शौर्य

कक्षा VII A प्रथम पाली

माँ

मेरी माँ! वो खुशी है जो कोई न दे सके |

मेरी माँ! वो हँसी है जो कभी न मिट सके |

मेरी माँ! वो कमी है जो दूर होकर हमेशा खले |

मेरी माँ! वो परी है जो खुदा को सुन सके।

वो जो बातों –बातों में जन्नत की सैर कराती है |

वो जो गोद में लेकर अनन्य प्यार जताती है।

वो जिसकी बाँहों में सुकून का एहसास मिलता है |

वो जो इन बचकानी आँखो का सबसे खूबसूरत नजारा है।

मेरी माँ! वो समां जहाँ चैन के बादल हैं।

मेरी माँ! वो जहाँ है , जहाँ प्यार की बारिश है |

मेरी माँ! वो घटा है, जो गलती पर बरसती है |

मेरी माँ! वो राह है , जो हमेशा मदद करती है।

वो जिसकी में ताकत सबसे ज्यादा है।

वो जिसकी ममता का कायल ही खूदा है।

वो जिसकी बातें उस ईश्वर से होती हैं।

वो जिसके माध्यम से बंदा खुदा से जुड़ा है।

पूछो तो जरा उस से भी,

जिसकी माँ साथ न हो !

वह एक पत्थर-सा दर्द सीने में लिए है,

जिसके पास माँ का हाथ न हो।

अनमोल रत्न मिला है सबको,
कद्र करो जरा इस ममता की ।
राहें कठिन हो जाती है जिंदगी की,
जब नहीं होती है माँ साथ किसी की !!

श्रेया सैनी

कक्षा XII A प्रथम पाली

कोविड-19

कैसा यह खतरे का पहर है,
आज हवाओं में भी जहर है ,
कही भी देखो बात यही है,
हाय भयानक रात यही है
मौत के साय मे हर घर है
कब क्या होगा किसे खबर है ,
बंद है खिड़की बंद है द्वारे,
बैठे है सब डर के मारे
क्या होगा इस बेचारों का
क्या होगा इस लाचारों का,
इनका सब कुछ खो सकता है,
इन पर हमला हो सकता है
कोई रक्षक नजर आता,
सोया है आकाश का दाता
यह क्या हाल हुआ अपने संसार का,
निकल रहा है आज जनाजा प्यार का।

भवनेश कुमार

कक्षा नवमीं ब

प्रथम पाली

कोरोना कविता

मिलकर कोरोना को हराना है ,
घर से कही नही जाना है,
हाथ किसी से नही मिलाना हैं,
चहरे से हाथ नहीं लगाना है ,
बार - बार अच्छे से हाथ धोने जाना है,
सेनेटाईज करके देश को स्वच्छ बनाना है,
बचाव ही इलाज है यह समझाना है ,
कोरोना से हमको नहीं घबराना है ,
सावधानी रखकर कोरोना को मिटाना है ,
देशहित में सभी को यह कदम उठाना है |

आर्यन भार्गव
कक्षा V B
प्रथम पाली

गुरु नियति

उलझी हुई लता को सुलझाने की काबिलियत रखते हैं,
वो है गुरु !!
जो बिखरी हुई लता को संवारने की अहमियत रखते है,
वो है गुरु !!
जो उज्जवल भविष्य बनाने की नियति रखते हैं,
वो है गुरु !!
जो डूबते को किनारा दिखाते है ,
वो है गुरु !!
जो हर विद्यार्थी के जीवन को सँवारने की पवित्रता रखते है,
वो है गुरु !!

अरविंद कुमार राना
कक्षा- V B प्रथम पाली

पेड़

हमें न काटो, हमें न छांटो ,
जहर जमाने को न बाँटों ।
ठंडी- ठंडी छाया देते ,
कोई नही किराया लेते |
तुमने यदि वन काटे भैया,
नहीं चलेगी फिर पुरवइया |
हमारी जड़, पत्री शाखाएँ ,
काम दवाओं में आ जाएँ ।

हार गया हर बूढ़ा-बच्चा,
पर्यावरण हमसे ही अच्छा |
हम न हो तो पर्वत टूटे,
ताल-नदी की किस्मत फूटे |
बिना हमारे ढहती मेढ,
हमको सब कहते हैं पेड़ ||

दानिश
कक्षा बारहवीं ब'
प्रथम पाली

सच्ची मनुष्यता

- सत्य जिनका मन हैं तप जिनकी आत्मा है |
- विद्या जिनकी वाणी है ज्ञान जिनका कर्म है |
- दया जिनका धर्म है सेवा जिनकी माता है |
- धर्म जिनका पिता है सहयोग जिनका भाई है |
- पुरुषार्थ जिनका पुत्र है धैर्य जिनका मित्त है |
- भाग्य जिनका साथी है साहस जिनका शस्त्र है |
- प्रभु भक्ति जिनका जीवन है ऐसे महापुरुष इस संसार में यदा कदा ही मिलते हैं |

अदिति शर्मा कक्षा XII B प्रथम पाली

कोरोना क्या है ?

मनुष्य का अन्धा स्वार्थ है.....कोरोना

प्रकृति का अभिशाप है.....कोरोना

कटते पेड़ों की चीख है.....कोरोना

बेघर होने वाले जानवरों का दर्द है.....कोरोना

विश्व में होता विनाश है.....कोरोना

लाशों का बेहता सैलाब है.....कोरोना

और अगर अब भी हम नहीं रुके ना तो बुझता चिराग है .....कोरोना

प्रकृति, पेड़-पौधे, जानवर अब भी कह रहे बस करोना वरना, मिटता संसार है.....कोरोना

गुंजन

कक्षा XII B प्रथम पाली

हौसलों की उड़ान

मुश्किलों से भाग जाना आसान होता है,
हर पहल जिंदगी का इम्तिहान होता है ,
डरने वालों को मिलता नहीं कुछ जिंदगी में,
लड़ने वालों के क़दमों में जहान होता है |

हारता जो नहीं मुश्किलों से कभी,
जिसका मकसद है मंजिल को पाना ,
धूप में देखकर थोड़ी सी छाया ,
आग जिसमें लगन की जलती है ,

कामयाबी उसी को मिलती है ,
न पूछों कि मंजिल कहा है ,
अभी तो सफ़र का इरादा किया है ,
ना हारेंगे , हौसला उम्र भर,

किसी और से नहीं खुद वादा किया है ,

हर पल तेरा नाम होगा ,

तेरे हर कदम में दुनिया का सलाम होगा ,

मुश्किलों का सामना हिम्मत से करना ,

देखना एक दिन वक्त भी तो गुलाम होगा ,

मंजिल उन्ही को मिलती है,

जिनके सपनो में जान होती है,

अंधेरों में आकर तो काँच भी चमका करता है ,

नजर को बादलों जनजारे बदल जायेंगे ,

मंजिल को पाना है तो कश्तियाँ मत बदलना ,

दिशा को बदलो किनारे बदल जायेंगे |

नेहा गौतम
कक्षा XIB प्रथम पाली

वृक्षारोपण

वृक्षारोपण का शाब्दिक अर्थ है। वृक्ष लगाकर उन्हें उगाना इसका प्रयोजन करना। वृक्षारोपण प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए और मानव के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने हेतु बहुत ही आवश्यक है। हमें जो कुछ भी प्रकृति द्वारा मिलता रहा है उसे निरंतर प्राप्त करते रहने के लिए वृक्षारोपण अत्यधिक आवश्यक है।कई ऐसे वृक्ष हैं जिन्हें हिंदू धर्म में ईश्वर का निवास स्थान माना जाता है जैसे नीम का पेड़, पीपल का पेड़, आमला, बरगद आदि को शास्त्रों के अनुसार पूजनीय कहा जाता है।वृक्षों के द्वारा हमें खाने पीने की सामग्री , हमारे भवनों का निर्माण आदि लाभदायक चीजें प्राप्त होती हैं इसलिए हमें वृक्षारोपण को अधिक से अधिक बढ़ाना चाहिए। शिक्षा के पाठ्यक्रम में भी वृक्षारोपण को विशेष स्थान दिया गया है. भावी पीढ़ी को यह संकल्प लेना चाहिए कि वृक्षारोपण को अधिक से अधिक बढ़ाएंगे। मेरे अनुसार इसे बढ़ाने का उत्तम तरीका यह है कि हम हर वर्ष अपने जन्मदिन एक वृक्ष लगाएं। उसका पालन पोषण करें। आज के तकनीकी दौर के चलते हुए वृक्षों की कटाई होती जा रही है। अगर इसी प्रकार वृक्षों की कटाई होती रही तो इसके अस्तित्व पर एक प्रश्न चिन्ह लग जाएगा। इसलिए हमें वृक्षारोपण का संकल्प लेने की आवश्यकता है।

मुस्कान मित्तल ,
कक्षा XI अ प्रथम पाली

पर्यावरण बचायें

बदलें हम तस्वीर जहाँ की

सुन्दर सा एक दृश्य बनाएं,

संदेश ये हम सब तक फैलाएं

आओ पर्यावरण बचाएं!

फ़ैल रहा है खूब प्रदूषण
काट रहा मानव जगंल वन
हवा हो रही है जहरीली
कमजोर पड़ रहा है सबका तन,

समय आ गया है कि मिलकर
हम सब कोई कदम उठाएं
संदेश ये हम सब तक फैलाएं
आओ पर्यावरण बचाएं!

रिदिम गर्ग
कक्षा XI A प्रथम पाली

जिस देश मे गंगा बहती है

होठो पर सच्चाई रहती है,
जहाँ दिल मे सफाई रहती है ।
मै उस देश की वासी हूँ,
जिस देश मे गंगा बहती है ।

मेहमां जो हमारा होता है,
वो जान से प्यारा होता है ।
ज्यादा का नही लालच हमको,
थोड़े मे गुजारा होता है ।

बच्चो के लिए जो धरती माँ,
सदियो से सब कुछ सहती है ।
मैं उस देश की वासी हूँ,
जिस देश मे गंगा बहती है ।

जो जिससे मिला सीखा हमने,
गैर को भी अपना समझा हमने ।
अब हम तो क्या सारी दुनिया ,
सारी दुनिया से कहती है ।

मैं उस देश की वासी हूँ ,
जिस देश मे गंगा बहती है ।

काजल राणा

कक्षा - 11वीं 'अ'

प्रथम पाली

सफलता

सफलता शब्द बोलने में जितना आसान है उनके पीछे उतनी ही ज्यादा मेहनत छिपी होती है। कहते हैं मंजिल उन्ही को मिलती है जिनके सपनो में जान होती है क्योंकि पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। आज हम ऐसे ही शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं |

कैरोली टकास हंगरी सेना के जवान थे। वह विश्व के बेहतरीन पिस्टल शूटर में से एक थे। 1938 के नेशनल गेम्स में उम्दा प्रदर्शन करते हुए उसने प्रतियोगिता जीती थी। उनके प्रदर्शन को देखते हुए पूरे देश को विश्वास हो गया था कि 1940 के ओलंपिक्स में कैरोली टकास देश के लिए गोल्ड मैडल जीतेगा। लेकिन कहते है जो किस्मत में लिखा होता है उसे कौन बदल सकता है। ऐसा ही कैरोली के साथ हुआ। 1938 के नेशनल गेम्स के तुरंत बाद, एक दिन आर्मी कैंप में कैरोली के उसी सीधे हाथ में ग्रेनेड फट जाता है जिसे कैरोली शूटिंग के लिए बचपन से ट्रेंड किया था, वो हाथ हमेशा के लिए शरीर से अलग हो जाता है और उनका ओलंपिक्स गोल्ड मैडल का सपना ख़त्म हो गया।

लेकिन कैरोली के लिए ये आखिरी मुकाबला नहीं था, उसने हार नहीं मानी। उसे अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य के अलावा कुछ नज़र नहीं आ रहा था। इसलिए उसने बिना किसी को बताए अपने लेफ्ट हैण्ड से शूटिंग प्रैक्टिस शुरू दी। इसके लगभग एक साल बाद 1939 के नेशनल गेम्स में वो लोगो के सामने आकर सबको आश्चर्य में डाल देता है। शुरू में प्रतिभागी उसका इस तरह से मजाक बनाते हैं कि कैरोली उनका हौसला बढ़ाने के लिए आया है। लेकिन जब पता चला कि वो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आया है और उसे गेम्स में

भाग लेने की इज़ाज़त मिल चुकी है, तो सब हैरत में पड़ जाते हैं। कैरोली पिस्टल न केवल शूटिंग में भाग लेता है और बल्कि गोल्ड मैडल भी जीत लेता है।

कैरोली द्वारा गोल्ड मैडल पर निशाना लगाने के बाद लोग अचंभित रह जाते है, आखिर ये कैसे हो गया। जिस हाथ से वो एक साल पहले तक लिख भी नहीं सकता था, उसे उसने इतना ट्रेन्ड कैसे कर लिया की वो गोल्ड मैडल जीत गया। पूरे हंगरी को फिर विश्वास हो गया की 1940 के ओलंपिक्स में पिस्टल शूटिंग का गोल्ड मैडल कैरोली ही जीतेगा। पर वक़्त ने फिर कैरोली के साथ खेल खेला और 1940 के ओलंपिक्स वर्ल्ड वार के कारण रद्द हो गए। लेकिन कैरोली निराश नहीं हुआ, उसने अपना पूरा ध्यान 1944 के ओलंपिक्स पर लगा दिया। पर वक़्त तो जैसे उसके धैर्य की परीक्षा ही ले रहा था, 1944 के ओलंपिक्स भी वर्ल्ड वार के कारण रद्द कर दिए गए।

एक बार फिर हंगरी वासियों का ओलिंपिक गोल्ड मैडल जीतने से विश्वास डगमगाने लगा था, क्योंकि कैरोली की उम्र बढती जा रही थी। परन्तु कैरोली का सिर्फ एक ही लक्ष्य था पिस्टल शूटिंग में

ओलंपिक्स गोल्ड मैडल जीतना इसलिए उसने निरंतर शूटिंग अभ्यास जारी रखा। आख़िरकार 1948 के ओलंपिक्स आयोजित हुए, कैरोली ने उसमे हिस्सा लिया और अपने देश के लिए पिस्टल शूटिंग का गोल्ड मैडल जीता। पूरा देश ख़ुशी से झूम उठा, क्योकि कैरोली ने वो कर दिखाया जो उसकी उम्र के किसी भी खिलाड़ी के लिए भी असंभव था। पर कैरोली यही नहीं रुके और उसने 1952 के ओलंपिक्स में भी भाग लिया और वहां भी गोल्ड मैडल जीत कर इतिहास बना दिया। कैरोली उस पिस्टल इवेंट में लगातार दो गोल्ड मैडल जीतने वाला पहला खिलाडी बना।

अर्जुन गर्ग

कक्षा XI A प्रथम पाली

: हम सब कहते

कोई नहीं हवा से कहता,

खबरदार जो अंदर आई।

बादल से कहता कब कोई,

क्यो जलधार यहाँ बरसाई।

फिर क्यो हमसे भैया कहते,

यहाँ न आओ भागो जाओ।

अम्मी कहती हैं घर भर में,

खेल खिलौने मत फैलाओ।

पापा कहते बाहर खेलो,

खबरदार जो अंदर आए।

हम पर ही सबका बस चलता,

जो चाहे वह डाटँ लगाए।

मौ. शाहजीम चौधरी

कक्षा- 7 द्वितीय पाली

माता-पिता

मां ने सीने से लगाया, आंचल में छुपाया मुझको,

पिता ने कंधे पर बिठाया, बांहों में उठाया मुझको,

भूख लगी तो खिलाया, धूप लगी तो बचाया मुझको,

मां ने फुसलाकर सिखाया, पिता ने डांट कर समझाएं मुझको,

संस्कारवान बनाया मुझको, अच्छे बुरे का फर्क बताया मुझको,

हर दुख से दूर किया, खुशियों से नहलाया मुझको,

ममता और प्यार से सींच माता-पिता ने मेरे, पौधे से पेड़ बनाया मुझको ।

विशु बालियान

कक्षा - दसवीं द्वितीय पाली

जनसंख्या

अगर देस की जनसंख्या

रोक नहीं हम पायेंगे।

सोचकर देखो जरा एक दिन कहाँ पहुँच हम

जायेंगी ना खाने को रोटी होगी, ना पीने को पानी।

ना तो साफ हवा होगी

ना होगी हरियाली।

प्रदूषण की मार पड़ेगी

रहने को ना जगह मिलेगी।

होगें चारों ओर बिलखते बच्चे कुछ कच्चे कुछच पक्के।

आओ ऐसे संकट से देंश बचाये मिलकर सुंदर भारत बनाएँ।

आदित्य हूँन

कक्षा- ९० द्वितीय पाली

हमारा विद्यालय

यह हमारा विद्यालय है,

शिक्षा का उत्तम आलय है ।

पढ़ते यहाँ हम सब बच्चे,

नियम - रीति में है सब अच्छे ।

इंग्लिश यहाँ सिखाई जाती है ।

हिन्दी यहाँ पढ़ाई जाती है ।

गणित यहाँ समझाई जाती है ।

कला यहाँ सिखलाई जाती है ।

शिक्षक सभी गुणी विद्वान,

देते विद्या का नित दान ।

भाईचारे की शिक्षा देते,

देश भक्ति का पाठ पढ़ाते ।

खेलकूद में सबसे अच्छे,

हमारे विद्यालय के बच्चे ।

हमारे प्राचार्य सबसे अच्छे,

कर्त्तव्यपरायण सीधे - सच्चे ।

ये शिक्षा का उत्तम आलय है,

यह हमारा विद्यालय है ।

यहाँ न कोई भेद- भाव है, सभी में मिलता समभाव है ।

यस

कक्षा - 8

द्वित्तीय पाली

गरीब बना अमीर

एक बार एक औरत अपने बच्चे के साथ अकेला रहती थी वह दूसरे गांव ट्रेन से काम करने जाती थी उसका बच्चा 5 साल का था 1 दिन रह जा रही थी जब वो ट्रेन में चल रही थी तब भीड़ के कारण उसका पांव फिसल गया और वो ट्रेन के नीचे आ गई और उस बच्चे की मां की मृत्यु हो गई जब उसकी पड़ोसन को पता चला तो उसने उस बच्चे को पा लिया उसकी पड़ोसन बहुत गरीब थे जब मैं बच्चा बड़ा हुआ तो उसके घर पर खाने के लिए भी पैसे नहीं थे और उसकी सौतेली मां बहुत बीमार थी तो उसने तय किया कि वह गांव में काम करने जाएगा अब वह बस में बैठ कर शहर की तरफ चल दिया वह एक हवेली में पहुंचा और उसने वहां पर कहा साहब अगर आपको कोई भी काम करवाना हो तो मैं आपका वह सारा काम कर सकता हूं आप मुझे रख लीजिए।

साहब: अगर तुम सारा काम कर सकते हो तो मैं तुम्हें रख लेता हूं

लड़का खुश होते हुए साहब को धन्यवाद किया।

अगले दिन सुबह साहब लड़के को कहते हुए आज हमारे मेहमान आएंगे तो तुम्हें उनके बर्तन मांजने हैं

लड़का: ठीक है साहब

उनके मेहमान आने के बाद लड़के ने खाना सिर्फ किया और जब उन्होंने खाना खा लिया तो वह उनके बर्तन मांजने लगा बर्तन मांजने के बाद उसे उसे बड़ी प्यास लगी और उसने देखा टेबल पर पानी का जग रखा है तो उसने एक कप उठाया और उसके अंदर पानी डालकर पीलिया यह सब साहब ने देख लिया और वह गुस्सा होते हुए मूर्ख यह पानी मेहमानों के लिए था तूने इसे पीकर इसको बर्बाद कर दिया और उसे मार कर बिना उसे पैसे दिए निकाल दिया और फिर वह बिचारा एक जगह पर बैठकर भीख मांगने लगा ताकि वह उन पैसों से अपने गांव पहुंच जाए पर उसके पास इतने पैसे नहीं हो पाए 1 दिन उसके सामने एक आदमी आकर खड़ा हुआ तो लड़के ने कहा आप मुझे पैसे दे दीजिए मैं आपको दुआएं दूंगा तो आदमी ने कहा दुआओं से क्या होगा मेरा अगर कुछ देते हो तो बताओ वरना मेरा टाइम वेस्ट मत करो

लड़का उसकी बात हो सोचते हुए फिर एक दिन उसने सोचा और वह एक फूलों की घाटी में गया वहां से उसने रंग-बिरंगे सुंदर-सुंदर फूल लिए और उनके गुलदस्ता बनाकर बेचा और उसे उससे पैसे भी मिले ऐसे उसने पौधों के बीच लेकर पौधे उगाने लगा और उनके गुलदस्ते बनाकर बेचने लगा ऐसे ही उसकी दुकान बड़ी होती है और जल्द ही वह एक फ्लावर शॉप का मालिक बन चुका था उन पैसों से उसने अपनी मां का इलाज करवाया फिर एक दिन उसे वही आदमी मिला और उसने कहा आपने मुझे पहचाना

आदमी ने कहा नहीं मैंने तुम्हें नहीं पहचाना तुम कौन हो

मैं वही लड़का हूं मुझे भीख मांग रहा था उस दिन और आपने मुझे सलाह दी आदमी ने कहा कौन मैंने किसी को सलाह नहीं दी

ठीक है पर आप इतने परेशान क्यों दिख रहे हैं

क्या बताऊं मेरे ऑफिस के बॉस मुझसे बहुत नाराज है

लड़के ने कहा तो आप यह फूल ले लीजिए और अपने बॉस को दे देना

पर मेरे पास तो पैसे ही नहीं है

लड़के ने कहा कोई बात नहीं आप मुझे दुआएं दे देना

फिर वह आदमी समझ चुका था कि वह कौन है

शिक्षा- 1 हर व्यक्ति एक ही समान होता है

शिक्षा-2 हमें घमंडी नहीं होना चाहिए

शिक्षा-3 क्यों बैठे हुए खाली वक्त जाया नहीं करना चाहिए इतने वक्त में आप कुछ भी कर सकते।

एंजेल

कक्षा-7 द्वित्तीय पाली

: मेरी कहानी

एक बार की बात है, मैं अपने पापा के साथ मंदिर होकर वापस घर आ रहे था, जैसे ही घर के पास पहुंचे ,मैंने देखा कि एक सड़क पर रहने वाला कुत्ता जिसके पैर में बहुत ज्यादा गंभीर चोट लगी है, उसे देख कर मेरा मन बहुत दुखी हुआ ।मैंने अपने पापा से कहा कि क्या हम उसके लिए कुछ कर सकते हैं ?पापा ने मुझे आश्वासन दिया कि हम उसकी देखभाल करेंगे। फिर हमने उसको खाना वगैरह देना शुरू किया व पड़ोस के एक अंकल के साथ मिलकर उसके पैर का इलाज भी किया। कुछ दिन बाद वह बिलकुल ठीक हो गया। अब जब भी वह कुत्ता मुझे मिलता है तो देखकर लगता है कि वह मन ही मन हमें बहुत धन्यवाद दे रहा है ।हम सभी को जानवरों से प्यार करना चाहिए ,क्योंकि वह बोल नहीं सकते ।अपना दुःख बता नहीं सकते।

निहारिका, कक्षा छह ब, द्वितीय पाली

बाल कविता

सुबह सुबह से सूरज निकला,

खिड़की में से भीतर आया।

बोला उठो उठो अब जल्दी,

क्यों सोए अब तक महाराजा।

मैं बोला मैं महाराजा हूं,

तो तुम खिड़की से क्यों आए

चौकीदार खड़ा द्वार पर,

उसे बता कर क्यों ना आए?

आ गए हो चौका बर्तन,

झाड़ू पोछा करके जाना।

आगे से महाराजा के घर,

बिना इजाजत कभी ना आना।

आयुष सेमवाल

कक्षा-9

द्वित्तीय पाली

जोक्स

आज कल के बच्चों को सब याद रखने के लिए बादाम खाने के लिए दिया जाता है।

और हमारे टाइम में दो झापड़ में सब याद आ जाता था।

आलिम

कक्षा - छह

द्वित्तीय पाली

माँ सब जानती है

माँ सब जानती है,

तुझे खुद से भी ज्यादा पहचानती है,

लाख कोशिश कर तू छिपाने की,

तेरे हर सुख-दुख को वो जानती है। ...1

खुद जागकर तुझे सुलाती है,

खुद रोकर तुझे हंसाती है,

तन्हा रहती है खुद मगर,

तेरा साथ हमेशा निभाती है,

माँ सब जानती है। *...2*

जब तुझे चोट लगे तो सिसकती है माँ,

जब तू गलती करे तो समझती है माँ,

तू ही तो है माँ का लाडला,

जब तेरी आँखे भीगे आंसुओं से,

तो अपना आँचल देती है माँ,

माँ सब जानती है। *...3*

उसकी हर दुआ कबूल है,

वो तो ममता का एक फूल है,

शायद तभी भगवान से भी ऊपर आती है माँ,

एक सच्चा दोस्त कहलाती है माँ,

तुझे ना हो फुर्सत एक पल भी उसके लिए,

उसका हर पल हर लम्हा है तेरे लिए,

माँ सब जानती है। *...4*

पर आज मैं दूर हूँ,

खुद से मजबूर हूँ,

उलझा हूँ ज़िन्दगी के सफर में,

चल रहा हूँ माँ तेरे सपनो की डगर पे,

चाहत है तुझे खुश रखने की,

मुझे पता है माँ तू सब जानती है।

भूमि शर्मा

कक्षा= 10 द्वितीय पाली

: मेरा भारत

मेरे भारत के बारे में क्या कहूँ,

मेरे भारत में खुशियों का सूरज उगता है।

मेरा भारत सबको एक करके रखता है,

मेरा भारत किसी से भेद - भाव नहीं करता ,

वो - हम ही लोग हैं जो एक - दूसरे से भेद - भाव करते हैं।

पर हमें ऐसा नहीं कर ना चाहिए ।जब हमारा भारत कुछ नहीं कहता तो हम किसी को कुछ क्यों कहें। मेरा भारत सबसे अच्छा है। पूरी दुनिया में ऐसा कोई भी देश नही हैं। मेरे भारत की कई सारी चीज़ें जैसे - फूल, शहद से मीठी खुशियां इत्यादि, तो हम लोग कही क्यों जायें। भारत जिसे हम भारत माँ पुकारते हैं ।वह माँ भी चाहती है कि हम सब खुश रहें। मेरा भारत महान है .....

जय हिंद!

ईशा नामदेव

कक्षा - 8 द्वित्तीय पाली

: पिता का स्नेह

प्यार का सागर ले आते

फिर चाहे कुछ न कह पाते

बिन बोले ही समझ जाते

दुःख के हर कोने में

खड़ा उनको पहले से पाया

छोटी सी उंगली पकड़कर

चलना उन्होंने सीखाया

जीवन के हर पहलु को

अपने अनुभव से बताया

हर उलझन को उन्होंने

अपना दुःख समझ सुलझाया

दूर रहकर भी हमेशा

प्यार उन्होंने हम पर बरसाया

एक छोटी सी आहट से

मेरा साया पहचाना,

मेरी हर सिसकियों में

अपनी आँखों को भिगोया

आशीर्वाद उनका हमेशा हमने पाया

